आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 07.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने हिमालयी सीमाओं की सुरक्षा के लिए सैन्य बल, नागरिक प्रशासन और समाज के समन्वित दृष्टिकोण पर जोर दिया।
- देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने ग्रीन बिल्डिंग निमार्ण में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। आगामी जून माह तक हर हाल में कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।
- पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने राहु मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया।
- रुद्रप्रयाग के गुलाबराय मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सात दिवसीय रूद्रनाथ महोत्सव शुरू।

-------

**संगोष्ठी**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने हिमालयी क्षेत्र, विशेष रूप से भारत–चीन सीमा के मध्य सेक्टर में, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सैन्य, नागरिक, प्रशासन और समाज के बीच प्रभावी समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिमालय केवल एक भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि एक जीवंत रणनीतिक प्रणाली है, जहां भू–आकृति, आधारभूत संरचना, जनसंख्या, शासन और सैन्य क्षमता निरंतर परस्पर क्रिया में रहती हैं। आज देहरादून में आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हिमालयी सीमाओं की वास्तविक शक्ति शांत तैयारी, संस्थागत समन्वय और सामाजिक विश्वास में निहित है। जब सैन्य बल, नागरिक प्रशासन और समाज एकजुट होकर कार्य करते हैं, तब हिमालयी सीमाएँ अधिक सुदृढ़, स्थिर और सुरक्षित बनती हैं। उन्होंने कहा कि 'वाइब्रेंट विलेज' जैसे कार्यक्रम सामाजिक और आर्थिक विकास के साथ जनसंख्या स्थिरता, लॉजिस्टिक मजबूती और सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थायी राष्ट्रीय उपस्थिति को भी सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा करना सेना के साथ प्रत्येक नागरिक का भी दायित्व है। उन्होंने कहा

कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमावर्ती गांवों के विकास और सशक्तिकरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## ग्रीन बिल्डिंग

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना के तहत निर्माणाधीन ग्रीन बिल्डिंग के कार्यों की धीमी गति पर गहरी नाराजगी जताते हुए परियोजना से जुड़े अधिकारियों को निर्माण कार्यों को आगामी जून तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आज ग्रीन बिल्डिंग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में कहा कि तय समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पर्यावरण अनुकूल तकनीकों के उपयोग और श्रमिकों की सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की प्रगति की साप्ताहिक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि कार्यों की नियमित निगरानी की जा सके।

## कुमाऊं आयुक्त

कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी में उत्तराखण्ड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी द्वारा नगर सीवर और पेयजल कार्यों के लिए खोदी गई सड़कों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि समय पर कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थलों पर साइनेज बोर्ड नहीं पाए जाने पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई और निर्देश दिए कि भविष्य में जहां भी कार्य किया जाए, वहां बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए।

कुमाऊं आयुक्त ने एशियाई विकास बैंक के परियोजना प्रबंधक को निर्देश दिए कि जिन मार्गों पर खुदाई का कार्य किया गया है, उन्हें तत्काल पुनः स्थापित किया जाए। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार पेनाल्टी लगाने के निर्देश भी दिए।

**राहु मंदिर**

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने राहु मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का विस्तार से जायज़ा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों को निर्धारित समय–सीमा व गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए पुजारियों से संवाद कर उनकी आवासीय सुविधा, श्रद्धालुओं के लिए प्रस्तावित धर्मशाला, बिजली और पेयजल व्यवस्था का जायज़ा लिया। तथा सभी आवश्यक सुधार कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर को विश्वस्तरीय धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में एक विशाल प्रांगण और आकर्षक परिक्रमा पथ का निर्माण किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर दर्शन व आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त होगी। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अनेक आधुनिक सुविधाएं प्रस्तावित की गई हैं।

**श्रद्धांजलि**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय हरबंस कपूर की 80वीं जयंती पर आज देहरादून में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने कहा स्वर्गीय हरबंस कपूर हम सभी के लिए प्रेरणादायक थे और उनकी कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देती रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कपूर ने प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया और राज्य के विकास से जुड़े हर विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़े।

**रुद्रनाथ महोत्सव**

रुद्रप्रयाग के गुलाबराय मैदान में आज सात दिवसीय रूद्रनाथ महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारम्परिक झांकियों के साथ शुभारंभ हुआ। स्कूली छात्राओं और महिला समूहों ने पारम्परिक परिधान में पेट्रोल पम्प से गुलाबराय मैदान तक झांकी निकाली। पहाड़ की लोक संस्कृति को संजोये नंदा राजजात, रमाण और पांडव नृत्य सहित कई अन्य झांकिया आकर्षण का केन्द्र रही। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि इस बार रुद्रनाथ महोत्सव को शीतकालीन यात्रा उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिससे जिले में आने वाले पर्यटकों को पहाड़ की संस्कृति के न केवल दर्शन होंगे, बल्कि यहां की परम्पराओं का देशभर में व्यापक प्रचार होगा।

**टूर मैनेजर प्रशिक्षण**

उत्तरकाशी में पर्यटन विभाग के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय टूर मैनेजर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हो गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि पर्यटन आधारित कौशल प्रशिक्षण स्थानीय युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं, जो प्रदेश की आर्थिक मजबूती में अहम योगदान देते हैं। पर्यटन विभाग की अतिरिक्त निदेशक पूनम चंद ने वर्चुअल माध्यम से प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने युवाओं से कौशल का व्यावहारिक उपयोग कर पर्यटन क्षेत्र में नई संभावनाएं सृजित करने का आह्वान किया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान, व्यावहारिक अनुभव और मार्गदर्शन को बहुत उपयोगी बताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उनके करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।